सिलवासा नगरपालिका की स्थायी समिति की बैठक में लिया गया ऐतिहासिक निर्णय

निर्माण अनुमति एवं अधिभोग प्रमाणपत्र के लिए 17 अगस्त को होगा ओपन हाउस

■ निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ सभी टिप्पणियों पर चर्चा के बाद निकाला जायेगा समाधान

सिलवासा 3 अगस्त। सिलवासा नगरपालिका कार्यालय में आज नगरपालिका की स्थायी समिति की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में सिलवासा नगरपालिका अध्यक्ष राकेश सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अजय देसाई, स्थायी समिति के सदस्य हीरा पटेल, फतेहसिंह चौहान, डॉ. छत्रसिंह चौहान सहित सीओ मोहित मिश्रा भी मौजूद रहे। इस बैठक में निर्माण अनुमति और अधिभोग प्रामणपत्र का मुद्दा विशेषरूप से चर्चा में रहा। सभी सदस्यों ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है कि शहरी विस्तार के जिन लोगों का निर्माण अनुमति और अधिभोग प्रमाणपत्र का कार्य 2 महीने से अधिक समय तक सिलवासा नगरपालिका में रूका हुआ है। उनका यह कार्य 17 अगस्त को शाम 5 बजे होने वाले ओपन हाउस में रखा जायेगा। इसलिए निर्माण अनुमति एवं अधिभोग प्रमाणपत्र से संबंधित शहरी विस्तार के लोग 17 अगस्त को शाम 5 बजे सिलवासा नगरपालिका कार्यालय में उपस्थित रहे। ताकि पारदर्शिता के साथ सभी टिप्पणियों को सुनकर उसका समाधान किया जा सके।

असली आज़ादी

Fri, 04 August 2017

www.readwhere.com/read/,